हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 मई 2024

04 स्ट्रांग रूम तैयार, आज मतदान दल होंगे केन्द्रों...

06 मतदान कल : मतदाताओं को जागरुक करने शहर...




## खबर संक्षेप

### नई शिक्षा नीति में डॉक्टर डाली दुबे के रिसर्च का प्रकाशन

**विदिशा।** ईशा पब्लिकेशन नई दिल्ली द्वारा नई शिक्षा नीति में



डॉक्टर डाली दुबे के रिसर्च का प्रकाशन किया गया। संतोष दुबे की सुपुत्री डॉक्टर डाली दुबे ने अपने छोटे से ग्राम बामनखेड़ा के साथ-साथ अपने कर्मभूमि सीहोर का नाम भी रोशन किया है। शासकीय महाविद्यालय रेहटी जिला सीहोर में अंग्रेजी विभाग में पदस्थ डॉ डॉली दुबे पुत्री संतोष दुबे का ईशा पब्लिकेशन न्यू देहली द्वारा प्रकाशित पुस्तक नई शिक्षा नीति में रोल ऑफ एवर्सिटी इन मॉडर्न साइंस विषय पर अध्याय प्रकाशित हुआ है।

### कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहेगा

**विदिशा।** चुनाव में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। जानकारियां तुरंत दी जा सकें। इसके लिए विधानसभा स्तर पर एक-एक कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है, जो 24 घंटे क्रियाशील है। इसके अलावा जिला कॉल सेंटर टोल फ्री नंबर 1950 पर भी चुनाव संबंधी तमाम जानकारियों के लिए संपर्क किया जा सकता है। विदिशा जिला मुख्यालय पर संचालित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07592 230 288 है। विदिशा विधानसभा का 07592-299030 है। बासौदा विधानसभा का 07594-221010 है। कुरवाई विधानसभा का 07593 -299108 है। सिरोंज विधानसभा का 07591-253621 है। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम का नंबर 07595-259110 है।

### निर्विरोध अध्यक्ष बने राजेश रघुवंशी

**विदिशा।** रघुवंशी धर्मशाला में चुनावी प्रक्रिया कर सर्वसम्मति से राजेश रघुवंशी निवासी सांकलखेड़ा को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। वहीं समिति के उपाध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर भी निर्वाचन हुआ। समिति के सदस्य धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया की धार्मिक आयोजनों पर भी चर्चा की गई।

### मोबाइल फोन प्रतिबंधित

**विदिशा।** मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए कोई भी मतदाता मतदान केन्द्र जाते समय मोबाइल फोन साथ न ले जाए। केवल प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को ही मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति है। इनके फोन भी मतदान केन्द्र के अंदर साइलेंट रहेंगे।

### मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ

**विदिशा।** व्यापार महासंघ और सामाजिक महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया द्वारा उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल, अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, पूर्व महामंत्री घनश्याम बंसल एवं मातृशक्ति प्रमुख सरला अग्रवाल की टीम की समस्त मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### 19 दिवसीय विकसित भारत यात्रा का समापन

**विदिशा।** अभाविप की 19 दिवसीय विकसित भारत रथ यात्रा का रविवार को समापन हुआ। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु शालिनी वर्मा ने बताया कि यह विकसित भारत रथ यात्रा 17 अप्रैल को शुरू हुई थी जो गंजबासौदा, कुरवाई,सिरोंज, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, हासुआ, अहमदपुर, सलामतपुर विदिशा जिले के साथ रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, मंडीदीप, अब्दुल्लागंज होते हुए पुनः विदिशा नगर में पहुंची जहां इस यात्रा समापन हुआ।

## विदिशा जिले के 11 लाख से अधिक मतदाता 7 मई को चुनेंगे दो सांसद

# जिले के 1341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग कल 2 हजार 500 जवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 1341 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इन मतदान केंद्रों पर 11 लाख 6 हजार 123 मतदाता वोट डालकर दो सांसद चुनेंगे। जिसमें संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सागर और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र विदिशा-रायसेन शामिल हैं। मतदान को अब सिर्फ एक दिन शेष है।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सागर के अंतर्गत विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं शामिल हैं। इन विधानसभाओं के कुल 803 मतदान केंद्रों पर छह लाख 63 हजार 555 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 3 लाख 47 हजार 668 पुरुष तथा 3 लाख 15 हजार 878 महिलाएं तथा 14 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा वार ब्यौरा तदानुसार कुरवाई (अजा) में 296 मतदान केंद्रों पर दो लाख 37 हजार 56 मतदाता हैं। सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केन्द्रों पर दो लाख 24 हजार 90 मतदाता मतदान करेंगे।



विदिशा। मतदान सामग्री वितरण एवं जमा स्थल पर प्रशासन द्वारा सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं।

शमशाबाद में 253 मतदान केन्द्रों पर कुल दो लाख दो हजार 409 मतदाता हैं।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा- रायसेन अंतर्गत जिले की दो विधानसभाओं के 538 मतदान केंद्रों पर 4 लाख 42 हजार 568 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें दो लाख 28 हजार 815 पुरुषों तथा दो लाख 13 हजार 739 महिला मतदाता एवं 14 अन्य शामिल हैं। जिसमें से विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 276 मतदान केंद्रो पर दो लाख 28 हजार 674 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार बासौदा के 262 मतदान केन्द्रों पर दो लाख 13 हजार 894 मतदाता मतदान करेंगे।

जिले के कुल 1341 मतदान केन्द्रों के लिए 138 सेक्टर आफीसर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 26 को रिजर्व में रखा गया है। कुल छह हजार 505 मतदानकर्मियों को दलों में विभक्त किया गया है। जिसमें दिव्यांग मतदानकर्मियों की संख्या 40, माइक्रोआब्जर्वर 439 तथा मतदान केन्द्र पर नियुक्त होने वाले पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन 1475-1475 इसके अलावा रिजर्व में 126 रखे गए हैं। मतदान सामग्री जमा स्थल पर चिकित्सा दल संपूर्ण दवाइयां के साथ-साथ मेडिकल किट, एम्बुलेंस के साथ तैनात रहेंगे।

### 104 मतदान केंद्रों पर सीसी से निगरानी

1341 मतदान केंद्रों में से 60 प्रतिशत अर्थात 803 मतदान केंद्रों में सीसी कैमरे के माध्यम से बेव कास्टिंग की किया जाना है। इसके विरुद्ध जिले की पांचों विधानसभाओं के 104 मतदान केंद्रों में सीसी कैमरे लगाकर बेवकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

### पहचान पत्र के अलावा यह 12 विकल्प

मतदान केन्द्र पर पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज निर्धारित किए हैं उनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक बैंक डाकघर द्वारा जारी, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड शामिल हैं।

## भोपाल-सागर मार्ग पर हादसा: गड्ढों से बचने के चक्कर में आमने-सामने टकराईं दो कार

# एक ही परिवार के सात लोग समेत दस घायल



विदिशा। घायलों का मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है उपचार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- टीलाखेड़ी का एक परिवार कार से जा रहा था श्यामपुर चौराह।

भोपाल-सागर बायपास पर बेतवा पुल के पास रविवार सुबह 10 बजे दो कार आपस में भिड़ गईं। हादसे में दोनों कार में सवार 10 लोग गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और राहगीरों ने अपने वाहन रोककर घायलों की मदद की और पुलिस व एम्बुलेंस को फोन किया। 4 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं और घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बायपास पर गड्ढों से बचने के चक्कर में एक कार ने सामने से आ रही दूसरी कार को टक्कर मारी। टक्कर के बाद दूसरी कार सड़क किनारे लगे डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई।

सिविल लाइन टीआई शाहबाज खान ने बताया टीलाखेड़ी का एक परिवार के मदनलाल महावर, कासीराम, अर्जुन सहित चार महिलाएं श्यामपुर चौराहे जा रहे थे। भोपाल से सागर जा रही कार में भोपाल के रोहित चौरसिया, सचिन राजपूत, राहुल साहू सवार थे। हादसे में एक ही परिवार के 7 और सवार तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं।

## खेतों तक पहुंचने रास्ता न होने से परेशान किसानों ने किया चुनाव का बहिष्कार, नायब तहसीलदार ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

हैदरगढ़ की ग्राम पंचयात खिरिया जागीर के रमपुरा गांव में सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए किसानों ने प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया की खेतों पर जाने की व्यवस्था नहीं है। बारिश में किसानों के वाहन तक नहीं पहुंच पाते जिससे फसलों को नुकसान होता है। कई बार प्रशासन से निवेदन करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। रविवार को मतदान का बहिष्कार करने के बाद नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह व हैदरगढ़ थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह




हैदरगढ़। खेतों तक पहुंचने में हो रही परेशानी के कारण ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन।

गांव पहुंचे। किसानों और ग्रामीणों से बात कर समझाइश दी। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों को समझाइश दी है और चुनाव का बहिष्कार खत्म करवा दिया गया है। ग्रामीणों की मांग है कि यहां के किसानों के खेतों पर जाने का रास्ता नहीं है। बारिश के कारण यहां पर निकलना मुश्किल होता है। हमने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है। जल्द ही पंचायत द्वारा ग्रेवल सड़क बनवा दी जाएगी।

चुनाव के बाद हम इस सड़क को ग्रेवल के रूप में बनवा देंगे। नायब तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया की आचार संहिता समाप्त होने के बाद समस्या को हल कर दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण मलखान धाकड़, ग्याप्रसाद, ओमकार सिंह धाकड़, बालकिशन कुशवाह, नीतेश प्रमोद सहित ग्रामवासियों ने एसडीएम व तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है।

## अरिहंत हिल्स में 8 चोरियां हो चुकीं, बीते 9 दिनों में तीन हुईं, रहवासियों ने किया चुनाव का बहिष्कार

- आधी रात को 6 से 7 लोगों ने वारदात को अंजाम दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सुरक्षा की मांग को लेकर अरिहंत हिल्स कॉलोनी के रहवासियों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है।

अरिहंत हिल्स कॉलोनी में अब 8 चोरी की वारदात हो चुकी हैं। बीते 9 दिनों में तीन चोरी की वारदात से रहवासी भयभीत हैं। कॉलोनी पूरी कवर्ड है और वहां सुरक्षाकर्मी तैनात रहता है इसके बाद भी चोरियां हो रही हैं। लोगों ने चोरी के बाद कॉलोनी में




लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो वह हैरान रह गए। देर रात को कॉलोनी के लोग इकट्ठा होकर एक बैठक की। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने मतदान नहीं करने का फैसला किया। लोगों ने सुरक्षा नहीं तो वोट नहीं, सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। उनका साफतौर पर कहना था कि पुलिस लोगों की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हो रही है, जब तक सुरक्षा नहीं मिलेगी तब तक हम वोट नहीं डालेंगे।

### डकैती और किडनेपिंग जैसी तक वारदातें हुईं

अरिहंत हिल्स के अध्यक्ष मेजर सतीश कुमार ने बताया कि अरिहंत विहार कॉलोनी और अरिहंत हिल्स में आए दिन आपराधिक गतिविधियां होती रहती है कुछ दिन पहले बच्चों के अपहरण का मामला सामने आया था। बच्चे जागरूक थे जिसके कारण किडनैपिंग होने से बच गई थी। 9 दिन पहले मनोज सिंह के यहां डकैती की वारदात हुई थी। इसके बाद फिर से दो चोरी हो गईं।

## मां बेतवा की 108वीं आरती हुई 109वीं आरती 23 जून को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मां बेतवा की गंगा मंगल आरती सेवा समिति शनिवार को हुई। वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 5401 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतियों की श्रंखला में 108वीं महागंगा आरती हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।

वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पंडित मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि मां वैत्रवती गंगा को साफ स्वच्छ सुंदर वारहमासी सदानीरा बनाए रखने के उद्देश्य से शासन प्रशासन ओर जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण बेतवा दिन प्रतिदिन प्रदूषित होती जा रही है। आम जन मानस को जागृत करने के उद्देश्य से एक एक दिन की गणना के साथ संपूर्ण भारत वर्ष में एक मात्र विदिशा में यह नित्य गंगा आरती की जा रही है। इसी क्रम मां वैत्रवती गंगा की 109 वीं महागंगा आरती 23 जून रविवार को गोधुली बेला में आयोजित की जाएगी।

## अवैध रूप से तेंदूपत्ता ले जा रही थीं महिलाएं, टीम को देखकर भाग निकलीं

**विदिशा।** वन विभाग ने अवैध रूप से ले जाया जा रहा तेंदू पत्ता जब्त किया है। महिलाएं गठरियों में बांधकर तेंदू पत्ता ट्रेन से सागर ले जा रहीं थीं। सूचना मिलते ही उड़नदस्ता दल एवं वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों रेलवे स्टेशन पहुंचे तो महिलाएं भाग निकलीं। स्टाफ द्वारा जब्त तेंदूपत्ता को वन परिक्षेत्र विदिशा लाया गया। विदिशा, बासौदा, ग्यारसपुर, लटेरी वन क्षेत्रों से गुना, बीना सागर, बेगमगंज, रायसेन जिले के लोग अवैध तरीके से तेंदूपत्ता का व्यापार करते हैं।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में शामिल होने विप्रजनों को दिए आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 10 मई को निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होने के लिए विप्रजनों को घर घर आमंत्रण दिए जा रहे हैं।

शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए जनसंपर्क भी किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक यानम दुबे ने सभी विप्रजनों एवं सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है कि अपने पारंपरिक परिवेश में शोभायात्रा में शामिल हों। युगों से प्राचीन सनातन संस्कृति का परिचय देते हुए



शोभायात्रा को भव्य से दिव्य बनाएं। इस अवसर पर ब्राह्मण महापंचायत सचिव सुरेश दुबे, रमेश चौबे, हरिओम महाराज, गोपाल महाराज, ध्रुव महाराज, मनोज शर्मा, सुरेंद्र भार्गव, बाबूलाल शर्मा, मोनू तिवारी, कार्यक्रम सह संयोजक आशु राजपुरोहित, प्रियेश शर्मा, शुभम शर्मा, अभय आचार्य, आशीष आचार्य, शुभ त्यागी, सचिन भार्गव, हिमांशु तिवारी, कुलदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

### रिनिया में 25 फीट गहरे कुएं में गिरा मासूम हुआ घायल

**विदिशा।** रिनिया गांव में रविवार को ग्रामीण विनोद मीणा का तीन साल का बेटा कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने बताया की कुएं की गहराई करीब 25 फीट है। गिरने की वजह से बच्चे को चोटें आईं हैं। बच्चे को तुरंत अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां बच्चे का उपचार किया गया।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**विदिशा।** अहमदपुर में चौकी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शमशाबाद के जमुनिया निवासी जगत सिंह धाकड़ को 312 क्वार्टर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय मे पेश किया गया।

## वोटिंग से पहले मॉकपोल में कम से कम 50 मत डलवाने होंगे

# रजिस्टर पर हस्ताक्षर से पहले लगाई जाएगी बायीं ऊंगली पर अमिट स्याही, अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाए। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगाई जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जाएगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्योही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाई युक्त पदार्थ को हटा दिया जाएगा।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करें या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये। आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाए।

### मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल दिखावटी मतदान कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ घंटे पूर्व मॉक पोल दिखावटी मतदान करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिए।

# जिले में तीन सहायक मतदान केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या तय की गई है।

संख्या से अधिक मतदाता होने पर तीन सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जो शहरी क्षेत्रों में दो तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि जिले की तीन विधानसभा विदिशा, बासौदा एवं शमशाबाद में एक एक सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र विदिशा में सहायक मतदान केंद्र क्रमांक 161 क नगर विदिशा शासकीय पशु चिकित्सालय नवीन भवन कक्ष क्रमांक तीन में 762 मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा में सहायक मतदान केंद्र 45 के नगर बासौदा बरेठ रोड, सामुदायिक भवन जनपद पंचायत उत्तरी भाग में स्थित है। इस सहायक मतदान केंद्र पर 761 मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद में सहायक मतदान केंद्र 3 क - साढ़ेर, शासकीय प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक -2 साढ़ेर में 752 मतदाता मतदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### लालपठार पर नहीं मिल रही जलसंकट से निजात



**गंजबासौदा।** गत तीन वर्ष पूर्व लाल पठार पर घटित घटना के बाद भी प्रशासन ने लालपठार में जलसंकट की समस्या के निदान के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए हैं। कुछ काम थोड़े बहुत किए भी गए हैं लेकिन लोगों तक अभी भी पूर्ण रूप से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। ज्ञात हो कि लालपठार क्षेत्र में कुआं हादसा में जान गंवाने की घटना के बाद प्रशासन और सरकार ने मिलकर नल जल योजना की लाइन तो पूरे पंचायत क्षेत्र में डलवा दी है, लेकिन उसका अभी सुचारू रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। गर्मी में लोग अब पानी के लिए परेशान हैं और यहां वहां से मुश्किल से पानी की आपूर्ति कर पा रहे हैं। लाल पठार पर दिन और रात बच्चों से लेकर बड़े तक पानी के लिए टंकी के पास खड़े रहते हैं लेकिन लाइन डालने के बाद भी अभी पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिसे लेकर वहां की नागरिक अभी भी चिंतित हैं। यदि नलों से समय से पानी आने लगे तो लाल पठार पर होने वाली सबसे बड़ी समस्या खत्म हो जाएगी।

### हो रहे हादसे



गंजबासौदा। लाल पठार पर रोड पर बन रही पुलिया के साइड से निकलने में लोगों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड रहा है। जिसके चलते रविवार को दोपहर दो मोटर मोटरसाइकिल चालक साइड से रास्ते में जाते समय अनबैलेंस होकर गिर गए जिससे दोनों के पैरों में चोटे आईं।

### मतदान की शपथ दिलाई



**गंजबासौदा।** मार्केटिंग सोसायटी के चना मसूर खरीदी केंद्र गायत्री वेयर हाऊस पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान की शपत दिलाई गई। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढाने और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कराने प्रशासन द्वारा तरह तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्र पर आने वाले किसानों एवं काम कर रहे मजदूरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई।



### शाम को सुहावना हुआ मौसम

**गंजबासौद।** इलाके में भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही आसमान पर फिर से बादलों का आना जाना होने लगा है। रविवार को भी सुबह से दोपहर तक इलाके में अच्छी गर्मी रही और इसके बाद आसमान पर बादल मंडराने लगे, इसके बाद बादल छंटने पर शाम को अस्त होते सूरज की लालिमा में सुहावना नजारा देखने को मिला। हालांकि तेज गर्मी के बीच बादलों की आवाजाही से लोगों को राहत रही और शाम को मौसम सुहावना हो गया। उधर मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 12, 13 मई को फिर से पानी बरसने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं।

### एसजीएस कॉलेज में बनाया गया है स्ट्रांग रूम

# स्ट्रांग रूम तैयार, आज मतदान दल होंगे केन्द्रों के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार 7 मई को नगर में लोकसभा चुनावों के लिए मतदान संपन्न होने जा रहा है। इस चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संपन्न कराने के लिए स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं और अब सोमवार को मतदान दलों को स्ट्रांग रूम से सामग्री देकर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गंजबासौदा विधानसभा विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत है और यहां 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए स्थानीय एसजीएस कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां से सोमवार को मतदान दलों को सुबह 7 बजे से सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान सामग्री वितरण के लिए आसपास के 100 मीटर के दायरे में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, इसके अलावा मतदान दल में शामिल कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़ी हुई सामग्री लेने के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए मतदान केन्द्र की टेबिल और दोनों तरफ कुर्सियां लगाई गई हैं, ताकि मतदान दल के सदस्य सामग्री का सुविधाजनक ढंग से मिलान कर सकें। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं एसडीएम विजय राय ने बताया कि मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को सामग्री प्राप्त करने के बाद नियत समय में मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए निर्देश दिए गए हैं। बासौदा विधानसभा-145 में मतदान केन्द्र पर मतकर्मियों को लाने ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था रिजर्व रखी है।





लोकसभा चुनाव कराने नियुक्त मतदान दल के पीठासीन अधिकारियों को 7 मई को मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले ईव्हीएम मशीनों से मॉकपोल मतदान कराना होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉकपोल कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और उसमें उम्मीदवारों या मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी। पीठासीन अधिकारी मॉकपोल परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को विस्तृत रूप से जानकारी देंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। मतदान केन्द्र पर मौजूद सुरक्षाकर्मी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे कि मतदाता मतदान केन्द्र पर जाते समय कोई भी मतदाता मोबाइल फोन साथ न ले जाये, केवल प्रेक्षक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को ही मोबाइल फोन की अनुमति रहेगी। इनके फोन भी मतदान केन्द्र के अंदर साइलेंट रहेंगे। मतदाताओं को बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची प्रदान की गई है।

एआरओ विजय राय ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 262 मतदान केन्द्र बने हैं और इनमें से 20 मतदान केन्द्र आदर्श बनाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उत्सव जैसे महौल का अनुभव हो, इसके लिए भी बासौदा विधानसभा में 20 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जो चुनाव में आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इन मतदान केन्द्रों पर विशेष साज सज्जा कराकर अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। इन केन्द्रों में मतदान करने वाले मतदाताओं को कुर्सी, बैंच एवं पीने के पानी की व्यवस्था और छाया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा एक दिव्यांग केन्द्र भी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के बासौदा विधानसभा में 262 मतदान केन्द्रों पर 2 लाख 13 हजार 894 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके लिए अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर मतकर्मियों, सेक्टर ऑफीसरों की नियुक्ति की गई है, इनमें से कुछ मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग भी की जाएगी। जहां पर सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाए गए हैं।

# हत्या के प्रयास के आरोपी पर लगाया एनएसए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों बासौदा में चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी रविकांत मलैया को एनएसए के तहत केन्द्रीय जेल भोपाल निरुद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये गये हैं। निर्देश के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजीव चौकसे द्वारा आदतन अपराधी रविकांत मलैया उम्र 27 साल निवासी बेदनखेडी टपरिया ने फरियादियी प्रकाश मालवीय को चाकू मारकर हत्या करने का प्रयास किया था। आरोपी रविकांत मलैया के आतंक को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी ने लोक व्यवस्था बनाये रखने इस कुख्यात बदमाश की गतिविधियों पर नियंत्रण करने के लिए उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का धारा 3(2) के तहत प्रकरण तैयार किया और उसे निरुद्ध करने हेतु जिला दण्डाधिकारी विदिशा के समक्ष पेश किया। दिनांक 3.5.2024 को निरोध में रखने हेतु आदेश प्राप्त होने पर आरोपी रविकांत मलैया को केन्द्रीय जेल भोपाल में दाखिल किया गया।

### हिंदू चेतना सेवा समिति का नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जारी है हनुमान चालीसा पाठ



गंजबासौदा। हिंदू चेतना सेवा समिति विदिशा नगर गंज बासौदा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने हेतु नगर के अलग अलग हनुमान मंदिरों पर प्रत्येक शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम के अंतर्गत शनिवार को श्री बालाजी हनुमान मंदिर गंज बायपास रोड हतोड़ा गंजबासौदा पर हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ।जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम हतोड़ा के युवा बालक बालिकाएं , बुजुर्ग, महिलाओ के साथ समिति के सदस्य एवम नगर के हिन्दू वीर सम्मिलित हुए। नगर अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ने कहा कि आज 70% युवा पीढ़ी किसी न किसी तरह के नशे की गिरफ्त में है। और हमें अंतर्राष्ट्रीय संत श्री रामभद्राचार्य महाराज का सपना पूरा करना है। गंजबासौदा में कथा के दौरान महाराज जी ने कहा था कि मेरा सपना है कि गंजबासौदा पूरी तरह नशा मुक्त हो और यह तभी संभव हो पाएगा जब नगर का प्रत्येक युवा स्वयं आगे जाकर नशा न करने की शपथ लेगा। चालीसा पाठ के पश्चात सभी हिंदू वीर एवम श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज की मंगल आरती की तत्पश्चात प्रसादी वितरण के साथ साथ हनुमान जी महाराज के भजनों का गायन हुआ। जिसमे एवन सिंह विश्वकर्मा हनुमान भजन के माध्यम से तो बालक अर्णव रघुवंशी ने राम कथा के गायन से भक्तों को मोहित किया ।भजनों के पश्चात मंदिर के पुजारी राजा महाराज ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति के सदस्य अपने जीवन में सही दिशा की ओर कार्य कर रहे हैं। समिति द्वारा जगह-जगह राम नाम की जो ज्योत जगाई जा रही है उससे सभी को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

### सेन समाज ने मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

**गंजबासौदा।** रविवार को सेन समाज द्वारा अपने आराध्य देव संत शिरोमणी सेन महाराज की 724वीं जयंती वार्ड क्रमांक 8 सेन समाज धर्मशाला में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने संत शिरोमणी सेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पूजन अर्चन एवं आरती की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने संत शिरोमणी सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 13वीं शताब्दी में उत्तरार्द्ध में मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ में हुआ था, जो अभी रीवा के नाम से जाना जाता है। स्वामी रामानन्द से दीक्षित से सेन महाराज बाल अवस्था से ही जुडे रहे। वे शक्ति संपन्न और शौर्य कार्य में निपुण थे। संत शिरोमणी सेन महाराज ने साधु संतों की सेवा, सत्संग, प्रवचन के माध्यम से भक्ति ज्ञान का संदेश सर्व समाज को दिया है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता तथा समाज में युवाओं की शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम उपरांत प्रसादी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समाज के सौदानसिंह सेन, सत्यप्रकाश सेन, छोटू सेन, राकेश सेन, हरीओम सेन, विजय सेन, राहुल सेन, किशोर सेन, भूपेन्द्र सेन, मनीष श्रीवास, रानू सेन, दीपक सेन, मुन्नालाल सेन, ग्याप्रसाद सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



# भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जनाब एम एजाज खान तशरीफ़ लाए। अल्पसंख्यक मोर्चा ने मेहलो वाले बाबा साहब के यहां पर एक चादर पेश की एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के लोगों ने मुस्लिम बस्ती में जनसंपर्क किया ओर सभी अल्पसंख्यक वरिष्ठ लोगों से मुलाकात की। अल्पसंख्यक की जो सभी योजना है चल रही है उसके बारे में विस्तार से बताया। इस बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जनाब एएम एजाज खान, जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी यादव, राजेश तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मनोज कटारे, देवेंद्र रघुवंशी, दौलत राम खटीक, मनोज यादव, केशव अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष समीर किरमानी, जिला बाक्फ बोर्ड अध्यक्ष अयूब कुरैशी, शैलेश तिवारी, यशवंत रघुवंशी, जिला मंत्री सैयाद नदीम अली ,हलीम भाई जिला सोशल मीडिया प्रभारी इकबाल अहमद जिया, अल्पसंख्यक मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष शबनम खान, शबनम बी सरिता जैन, बंटी भावसार, साहेब किरमानी, आशीष मिश्रा, चंदू चाचा, अकील खान, अनवर मंसूरी, बाबू मंसूरी, राजू भाई, डब्बू भाई,जावेद कुरेशी,मोहम्मद सदीक खान और समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रमदान दल लगातार चला रहा है बेतवा नदी की सफाई का अभियान

# बेतवा नदी रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान का 31 वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी जल स्वच्छता, संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए सतत जारी साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का रविवार को इकतीस वा चरण बेतवा नदी रिपता घाट पर संपन्न हुआ। रविवार को स्वच्छता अभियान के दौरान दल के सदस्यों ने नदी के प्रवाह क्षेत्र एवम घाट के किनारे से प्लास्टिक बोरियां ,पॉलिथीन, तेल, शैम्पू ,पानी एवम गुटका पाउच, पूजन हवन सामग्री, फूल एवम फूल मालाएं, अंत्येष्टि तथा मुंडन संस्कार के दौरान उतरवाए गए बाल के अलावा बड़ी मात्रा में स्टेशनरी सामग्री जिसमें ज्यादातर विजिटिंग कार्ड, छोटी छोटी डायरी, धार्मिक पुस्तकें, मेडिकल पर्चे और एक्स रे , शादी कार्ड के बंडल आदि शामिल थे आदि को कड़ी मेहनत और मशक्कत से बाहर निकाला। ताकि सामग्री तथा सामग्री निर्माण में



प्रयुक्त रसायनों के प्रभाव से और जल व नदी प्रदूषित न हो सके। शिक्षित और बुद्धिजीवियों के मूर्खतापूर्ण कृत्य कई प्रश्न खड़े करते हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि पिछले तीन वर्षों से निरंतर दल के सदस्य नदी स्वच्छता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित कर रहे हैं। हमारा अखबार प्रमुखता से नदी जल स्वच्छता के अभियान को प्रकाशित कर रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरुक हो सके लेकिन बावजूद इसके नदी के किनारे से भारी मात्रा में शादी कार्ड एवं स्टेशनरी सामग्री का मिलना प्रबुद्ध, शिक्षित और बुद्धिजीवी वर्ग के मूर्खतापूर्ण कृत्य को उजागर करता है। साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है । रविवार को श्रमदान के दौरान मिले शादी कार्ड के बारे में दल के सदस्यों ने पड़ताल की तो ज्ञात हुआ कि वर की असमय के मृत्यु के कारण शादी संपन्न नहीं हो सकी। हमारा अखबार शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता है लेकिन प्रश्न यह है कि क्या किसी दिवंगत आत्मा से जुड़ी सामग्री नदी में डालने से वह आत्मा वापिस अपना शरीर प्राप्त कर सकती है। तो उत्तर होगा नहीं। तो फिर हम और हमारा समाज इन रूढ़िवादी प्रथाओं की आड़ में हमारी आपकी जीवन दायनी माता स्वरूपा नदियों को किस कारण प्रदूषित कर रहा है । ठीक इसी प्रकार अन्य स्टेशनरी सामग्री जो दल के सदस्यों ने नदी के प्रवाह क्षेत्र से एकत्रित की जिसमे डॉक्टरी पर्चे और एक्स रे भी शामिल थे को नदी में प्रवाहित करने का क्या फायदा है। दल के सदस्यों का कहना था कि यदि इस चार बोरी स्टेशनरी सामग्री को यदि किसी कबाड़ वाले को दे तो इतने रुपए तो अर्जित हो ही जाते जिससे दो भूखे व्यक्तियों को दो समय के भोजन का प्रबंध हो जाता । परंतु इसको नदी में डाल कर न केवल नदी को प्रदूषित किया गया। साथ ही जलीय जीवन को खतरे में डाला गया । जब समाज का प्रतिष्ठि और शिक्षित वर्ग के लोग ही इस तरह के कृत्य करेंगे । तो अन्य से कुछ उम्मीद करना बेमानी होगी । रविवार को श्रमदान का सहयोग करने पहुंचे पंचतत्व संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने कहा कि समाज के हर एक वर्ग हर एक व्यक्ति का दायित्व है कि यदि वह नदी जल स्वच्छता अभियान में अपना योगदान नहीं दे पा रहे हैं तो कम से कम इनको प्रदूषित ही न करें। रविवार को स्वच्छता कार्यक्रम में पंचतत्व संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, कोषाध्यक्ष प्रमोद राजपूत के अलावा श्रमदान दल से कोमल कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, अंशु शर्मा, रुद्रांश सिंह, एवन सिंह विश्वकर्मा, दिनेश चौरसिया ,विशाल रघुवंशी के साथ साथ बाल श्रमदानी भूमि विश्वकर्मा,अरनव रघुवंशी और रामराज विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# हर बंदा सैनिक नहीं हो सकता लेकिन वोट देकर सच्चा देशभक्त जरूर कहलाएगा : कादरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ पूरे देश में भारत सरकार और चुनाव आयोग के आदेश निर्देश व आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह पालन करते हुए मतदाता जागरण अभियान चला रहा है। इसी क्रम मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ घर-घर, दुकान- दुकान संपर्क कर मतदाता जागरुकता अभियान वाले पंपलेट पत्रक बांट रहा है। मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा हर बंदा सैनिक नहीं हो सकता लेकिन अपनी दी हुई डयूटी सही करना ही सच्ची देशभक्ति है। आज हमारा देश हमारा लोकतंत्र मतदान केंद्र पर जाकर आपका मत दान करने की डिमांड कर रहा है। आइऐ वोट डालकर हम अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाऐ देशभक्त कहलाऐ। मंच पदाधिकारियो ने सघन संपर्क कर चुनाव आचार संहिता से लोगों को परिचित कराया। साथ ही लोगों को हर हाल में मतदान करने व दिए जाने वाले किसी भी तरह के प्रलोभन से बचने की सलाह दी। कुरवाई मे जिला संयोजक एडवोकेट सैयद असद नवेद ने मतदाता जागरण अभियान चलाया और शांति पूर्ण मतदान करने हर संभव शासन प्रशासन की मदद करने की बात कही। मंच के रायसेन के सह-संयोजक मोहम्मद फैज पटेल, मोहम्मद कैफ ने आसपास के ग्रामो मे सघन संपर्क कर लोगो को शत-प्रतिशत मतदान के लिऐ आह्वान किया। मंच के साथ अन्य सामाजिक संगठन भी इस बार मतदाता जागरण अभियान से जुडकर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे है। अभियान मे मंच के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताऔ सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल है।

### खबर संक्षेप

#### वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी नागरिक किसी भी समय कोई भी प्रश्न निशुल्क पूछ सकता है या फिर शिकायत दर्ज कर सकता है।

#### लोकसभा निर्वाचन 2024 होटलों का निरीक्षण शुरू

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने क्षेत्र की होटलो, धर्मशालाओं का निरीक्षण करें एवं उनका रजिस्टर चेक करें। इसी परिप्रेक्ष्य में आज सागर विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी जूही गर्ग, सीएसपी यश बिजोलिया ने होटलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

#### प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के तृतीय चरण में होने वाले निर्वाचन के अंतर्गत सागर संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त की गईं सामान्य प्रेक्षक अंजलि सेहरावत ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) के तहत व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने संबंधित एआरओ को निर्देश दिए कि हर मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा, जिनमें शौचालय, पेयजल, बिजली, रैम्प, शेड, व्हील चेयर, साफ-सफाई शामिल है।

#### स्वीप गतिविधि के तहत जागरूक किया गया

**ग्यारसपुर।** शासकीय सीएम राइज विद्यालय अध्ययन केंद्र पर छात्रों ने संकल्प लिया कि ग्राम के मतदान केंद्र पर 7 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान शत प्रतिशत मतदान कराएंगे। लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करेंगे एवं निशक्त और असहाय लोगों को मतदान केंद्र तक स्वयं ले जाकर मतदान करवाएंगे। जिसमें विकासखंड समन्वयक स्वदेश आचार्य एवं परामर्शदाता रामकुमार सप्रे, पुष्पेंद्र यादव, राय बहादुर यादव, योगेंद्र राजपूत एवं नवांकुर प्रमुख शैलेंद्र रघुवंशी आदि शामिल रहे।

### आज सुबह 7 बजे से मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे मतदान दल

# सागर संसदीय क्षेत्र की सिरोंज विधानसभा में 2 लाख 24 हजार 90 मतदाता कल करेंगे अपने मत का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



लोकसभा चुनाव का चुनावी सौरगुल समाप्त होते ही नेता और प्रत्याशी घर-घर जाकर सम्पर्क कर रहें है। वह पूरे प्रयास में लगे है कि इस बार का मतदान का प्रतिशत ज्यादा रहें। प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए सम्पूर्ण तैयारियो पूर्ण कर ली है। आज सुबह से मतदान दल मतदान सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केन्द्रो के लिए रवाना होगें। चुनाव के लिए प्रशासन ने बसों व मैजिक वाहनो का अधिग्रहण कर लिया गया है। जिससे कि यात्री बसों में यात्रा करने वाले यात्रियो को काफी परेशानियो का सामना करना पडेगा। जो रूटो पर प्रतिदिन जो बसे चलती है वह बसें उने रूटो पर चलेगी तो लेकिन सिर्फ नाम मात्र की बसें ही चलेगी।यात्रियो के साथ यह विडम्वना चार दिन तक जारी रहेगी। वही सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने लोकसभा चुनाव से संबधित नोडल अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में चुनाव सामग्री की पूरी तैयारी के साथ चुनाव से संबधित कार्य पूर्ण कर सेक्टर अधिकारी अपने अपने सेक्टरो पर तैयारियो का जायजा लेने पहुचें।

#### बस सहित अन्य वाहनों से रूट वाइज रवाना होंगे दल

सागर संसदीय क्षेत्र की सिरोंज विधानसभा में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए आज सुबह मतदान साम्रामी लेकर मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होगें। सिरोंज विधानसभा निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सोमवार 06 मई की सुबह 6 बजें से पहले सभी मतदान दल अनिवार्य रूप से चुनाव सामग्री वितरण स्थल लटेरी रोड स्थित शासकीय पॉलिटैनिक कॉलेज पहुच जाएगें। वही सुबह 7 बजें से मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण की जाएगी और सभी दलों को बस सहित अन्य वाहनों से रूट वाईज रवाना कर दिया जाएगा। दोपहर तक सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए जरूरी तैयारी करेंगे। 7 मई की सुबह 7 बजे से मतदान कराएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होना है।

#### 254 मतदान केन्द्रों पर लगाई जाएगी लगभग 1100 से अधिक कर्मचारियों की डयूटी

सागर संसदीय क्षेत्र की सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में महिला,पुरूष व अन्य को मिलाकर कुल 2 लाख 24 हजार 90 मतदाता है। इन मतदाताओं को मतदान करने के लिए 254 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिनमें 25 पिंक मतदान केन्द्र भी शामिल है। सभी मतदान केन्द्रो पर मतदान सम्पन्न कराने हेतु रिजर्व,अतिरिक्त सहित लगभग 1100 से अधिक कर्मचारियो की डयूटी लगाई जाएगी। साथ ही अतिरिक्त में 15 प्रतिशत मतदान कर्मी रखें जाएगें।

#### सिरोंज में 15 व लटेरी में 10 पिंक मतदान केन्द्र बनाए गए

लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के लिए सागर संसदीय क्षेत्र के सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के सिरोंज शहर में 15 व लटेरी शहर में 10 पिंक मतदान केन्द्र बनाए गए है दोनो को मिलाकर कुल 25 पिंक मतदान केन्द्र बनाए गए है। जहां पर सभी महिला कर्मचारी मौजूद रहेंगी। इन सभी पिंक मतदान केन्द्रो को आकर्षित रूप से सजाया जाएगा और इन केन्द्रो पर विशेष इंतजाम भी किए जाएगें। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए 26 सेक्टर में 254 मतदान केन्द्रो को विभाजित किया गया है। वही आज सुबह 7 बजें से नगर के लटेरी रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान साम्रगी प्राप्त कर सभी मतदान दल अपने अपने केन्द्रो के लिए रवाना होगें।

#### मतदान दलों को 50 से अधिक बसों से किया जाएगा रवाना

पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान साम्रगी प्राप्त करने के बाद मतदान दलों को अपने गर्तव्य तक पहुचाने के लिए 50 से अधिक बसें व 30 से अधिक छोटे वाहनो को अधिग्रहण किया गया है। जो कि मतदानो दलो को अपने अपने केन्द्रो तक लेकर जाएगें। वही 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट वाहन उपलब्ध कराए जाएगें। साथ ही पुलिस द्वारा 26 मोबाईल टीम बनाई गई है जो कि मतदान केन्द्रो की लगातार मॉनिंटग करेगी। इसी के साथ ऑब्जर्वर व अधिकारियों के दल भी केन्द्रो का भ्रमण करेंगें।

#### अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर रहेगा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

*सागर संसदीय क्षेत्र के सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केन्द्र बनाए गए है जिनमें 72 क्रिटिकल मतदान केन्द्र है जहा पर एक दो का पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो पर 1-3 का गार्ड व अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेंगा। बाकी सभी मतदान केन्द्रो पर एक पुलिस जवान और एक विशेष पुलिस सुरक्षा अधिकारी तैनात रहेगें। इसके अलावा मतदान के दिन हर केन्द्र का लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि हमारे द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियो पूरी कर ली गई है और हर स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था की गई है। सुबह 7 बजें मतदान साम्रगी देकर बसों के माध्यम से मतदानकर्मियो को रवाना किया जाएगा।*

#### सिरोंज विधानसभा को 26 सेक्टर में बांटा

*लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सिरोंज विधानसभा क्षेत्र को 26 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिनमें 26 सेक्टर अधिकारी एंव 3 रिजर्व सेक्टर अधिकारी बनाए गए है। सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के 254 मतदान केन्द्रो पर निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए 11 सौ से अधिक मतदानकर्मी को तैनात किया जाएगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान अधिकारी एक,दो,तीन तैनात रहेगें। साथ ही 12 सौ से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्र पर एक अतिरिक्त कर्मचारी को तैनात किया जाएगा। जिसके लिए सिरोंज विधानसभा में क्षेत्र में 279 दल बनाए गए है जिनमें 25 रिजर्व मतदान दल शामिल है।*

## कैमरों की मदद से चिन्हित कर रोड डिवाइडरों पर कचरा फेंकने वालों पर की जाएगी कार्रवाई: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृण बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा प्रतिदिन प्रातः सफाई कार्य के अवलोकन के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कचरा फेंकने वालों एवं गंदगी फैलाने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। निगरानी के कार्य में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की भी मदद ली जा रही है ताकि सार्वजनिक स्थानो, खुले में कचरा फेंकने वालों और रोड डिवाइडों पर गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा सके।

निगम आयुक्त खत्री स्वयं इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में जाकर कैमरो की मदद से सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हैं और किसी स्थान पर गंदगी पाए जाने पर स्वयं स्थल पर पहुंचकर उसकी सफाई करते है, और लोगों को समझे देते हैं कि वह शहर को साफ सुथरा बनाने में मदद करें और खुले में कचरा ना फेके। इसी क्रम में निगमायुक्त रविवार को सुबह इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर पहुंचे और वहां उन्होंने कैमरो की मदद से कटरा बाजार की मुख्य सड़क की सफाई व्यवस्था को दिखा और पाया कि कटरा बाजार में बने डिवाइडर पर कचरा दिखने पर मौके पर जाकर डिवाइडर की सफाई कराई और संबंधित जोन प्रभारी को निर्देश दिए,कि यह पूरा क्षेत्र कैमरो की नजर में है इसलिए जो व्यक्ति डिवाइडरो पर कचरा फेंकते हैं।

#### कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से होगी प्रारंभ

**सागर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा।

#### 15 लाख श्री सीताराम नाम का किया लेखन

**सागर।** डाईट सिरोंजा सागर परिसर स्तिथ मंदिर मे विराजमान सिद्ध संकटमोचन जी की कृपा एवं प्रेरणा से अप्रेल 2012 मे क्षेत्रवासियो के द्वारा श्री सीताराम नाम लेखन प्रारम्भ किया गया था जो वर्तमान में भी अनवरत जारी है उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक के सहव्यवस्थापक पं श्री ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि 23 अप्रेल हनुमान प्रक्तटोत्सव को 13 वां सवा करोड़ श्री सीताराम लेखन पूर्ण पुस्तिकाओ की पूजन अर्चना श्री हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर परिसर स्तिथ श्री सीताराम बैंक जिला शाखा तहसीली सागर के बैंक मैनेजर एवं मन्दिर के पुजारी पं गोपाल दास शर्मा मौजूदगी थी।

## मतदान सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थिति न देने वाले मतदान कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोकसभा निर्वाचन के तहत 6 मई दिन सोमवार को शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम से निर्वाचन के लिए प्रात 6 बजे से सामग्री वितरण की जाएगी। सामग्री वितरण स्थल पर समय पर एवं अपने मतदान दल से न मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने दिए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर्य ने बताया कि अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्री लेने में विलंब करेगा या विलंब से उपस्थित होंगे उन सभी पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रातः 6 बजे मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचकर सामग्री प्राप्त करें।

#### मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मालथौन।** सागर लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान 7 मई को होना है इसको लेकर डिप्टी कलेक्टर नवीन ने तहसीलदार मालथौन के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर नगर प्रशासन को निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की 100 मीटर की दूरी के भीतर कोई भी पार्टियों के चिन्ह नहीं होने चाहिए तत्काल हटाने के निर्देश दिए और साथ ही मतदाता सूची का सत्यापन भी किया वही मालथौन में मतदाता पर्ची का वितरण भी कराया ।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर अनेक कार्यक्रम किए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



समस्त जीवों में ईश्वर का अंश होने का दिव्य संदेश देकर समाज को सत्य अहिंसा और प्रेम का पाठ पढ़ाने वाले, भक्तमाल के रचना कार महान संत सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर स्थानीय सेन समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के सुखचैन वार्ड स्थित सेन समाज मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में जन्म जयंती दिवस पर सुबह से हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सेन समाज के सैकड़ों बंधुओं एवं बड़ी संख्या में महिलाओ ने भागीदारी की। देवरी नगर के सुखचौन वार्ड में स्थित सेन समाज के मंदिर में सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724 वी जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। देवरी युवा सेन समाज संगठन के द्वारा सुखचौन वार्ड में स्थित संत शिरोमणि सेन जी महाराज के मंदिर में युवा सेन समाज संगठन के सभी पदाधिकारी सुबह से सेन महराज जी के मंदिर पहुंचे आराध्या संत शिरोमणि सेन जी महाराज के समक्ष हवन पूजन कर आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज को प्रसादी का भोग लगाया एवं प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित युवा सेन समाज के अध्यक्ष रामप्रसाद सेन ने समाज के लोगों से समाज में फैली कुरीतियों पर चर्चा की एवं समाज को कैसे ऊंचाइयों की ओर अग्रसर किया जाए इस संबंध में विचार विमर्श किया गया उसके बाद शाम को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन युवा सेन समाज ने सेन समाज के मंदिर किया कार्यक्रम में सभी स्वजातीय बंधु सम्मिलित रही कार्यक्रम का आयोजन योग सेन समाज संगठन द्वारा किया गया जिसमें युवा सेन समाज संगठन की अध्यक्ष रामप्रसाद सेन उपाध्यक्ष गोपाल सेन पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी सेन समाज की मुखिया रजनीश सेन संत समाज के पूर्व अध्यक्ष सतीष सेन उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सेन मोनू सेन कमलेश सेन दीपक सेन रामबाबू सेन, युवा सेन समाज संगठन के समाज बंधु उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान ई-प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ प्राचार्यों को दी जानकारियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत दो दिवसीय संपर्क, प्रचार अभियान चलाया गया। प्राचार्यो एवं छात्रों को ई-प्रवेश पंजीयन के साथा शिक्षा विभाग की विभिन्न छात्र हितग्राही योजनाओं की जानकारियां दी गई।

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे ने बताया कि शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में ई-प्रवेश पंजीयन के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया एक-2 मई से प्रारंभ हो चुकी है। महाविद्यालय के डॉ. देवेन्द्र अहिरवार, डॉ. वर्षा गौतम, नीलू यादव, योगेश धाकड, डॉ. आरएन सक्सेना, डॉ. एएन रघुवंशी, एसके बख्शी, डॉ. देवश्री बाघमार, डॉ. जयंती सोनवानी, सुरभि प्रिया, संतोष कुमार वर्मा, अखलेश द्वारा 12वीं पास विधार्थियों के लिए स्कूलों में कॉलेज चलों अभियान के अंतर्गत समय सारणी चस्पा की गई। उश्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, केन्द्रीय योजनाओं, अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग विभाग की सभी योजनाओं की जानकारियां विधार्थियों एवं स्कूल संचालकों को दी गई। ई-प्रवेश पोर्टल पर जा कर पंजीयन कराये जाने की जानकारी दी गई।

## गुरुकुल स्कूल में फोनिक्स कक्षाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नगर के अग्रणी शिक्षण संस्था गुरूकुल स्कूल में गर्मी की छुट्टियों में छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु स्कूल द्वारा निःशुल्क फोनिक्स कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी भाषा बोलने में आने वाले शब्दों के उच्चारण का सही ज्ञान कराया जाएगा।

गुरूकुल स्कूल द्वारा छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी भाषा में आने वाले शब्दों के उच्चारण का सही ज्ञान कराने, उश्चारण की बारीकियों पर विशेष ध्यान देते हुए छात्रों को अंग्रेजी सीखने प्रेरित किया जा रहा है। नई रूप रेखा सिखाने के उत्साहित, प्रेरित करने के साथ वैज्ञानिक रूचि विकसित हो सके इसका प्रयास और छात्रों के बीच अंग्रेजी उश्चारण कौशल बढ़ाने, भाषा की परिपक्ता लिए गुरूकुल स्कूल द्वारा फोनिक्स कक्षाएं शुरू की हैं। स्कूल संचालक प्रशांत राठी ने कहा कि फोनिक्स कक्षाएं शुरू करने की पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पढ़ने, लिखने में एक ठोस आधार प्रदान करना है। बेहतर भाषा और संचार क्षमताओं को बढ़ावा देने, बेहतर उच्चारण सफलता में फोनिक्स कक्षाएं, यात्रा की शुरूआती तैयारी है।

## राजस्व के स्थान पर अभ्यारण्य में होती तेंदूपत्ता की तुड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



वन विभाग की बड़ी आय का स्त्रोत तेंदूपत्ता है। ओब्दुल्लागंज एवं रायसेन सामान्य वन मंडल द्वारा विभन्न रेंजों में तेंदूपत्ता संग्रह का लक्ष्य तय किया जाता है। उम्दा किस्म के तेंदूपत्ता की तुड़ाई और संरक्षण हो इसके लिए वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता शाख कतरन के नाम पर प्रति वर्ष भारी भरकम राशि खर्च की जाती हैं। बाड़ी और बम्होरी रेंजों को मिला कर बने सिंघारी अभ्यारण्य क्षेत्र में भारी संख्या में तेंदू के वृक्ष है। राजस्व रकबे में तेंदूपत्ता न मिलने पर मजदूरों द्वारा अभ्यारण्य क्षेत्र से भारी मात्रा में तेंदूपत्ता तोड़ और संग्रहण किया जाता है।

मई का महिना शुरू हो गया इसी के साथ वन समितियों के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों , कर्मचारियों की देखरेख में तेंदूपत्ता तोडऩे और संग्रहण का कार्य शुरू हो रहा हैं। सिलवानी , देवरी , बाड़ी , बम्होरी रेंजों में उम्दा किस्म का तेंदूपत्ता हमेशा से मिलता रहा हैं। हजारों मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष होता हैं।

#### शाख कतरन, आग बुझाने में फर्जीवाड़ा

उम्दा किस्म का तेंदूपत्ता आए इसके लिए तेंदू वृक्षों की शाख कतरन का कार्य मजदूरो के माध्यम से कराया जाता है। वन समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता शाखा कतरन में फर्जी मस्टर मजदूरों के नाम पर राशि निकालने का सिलसिला बना हुआ है। शाख कतरन में फर्जीवाड़े के कारण जैसा तेंदूपत्ता वृक्षों पर आना चाहिए न आने की स्थिति बनी रहती है। गर्मी के दिनों में जंगल में आग लगने की घटनाएं होती हैं। आग बुझाने, जंगल की देखरेख के नाम पर दैनिक वेतन पर मजदूरों के रखने की परंपरा बनी हुई है। उपस्थिति और नामों के फर्जीवाड़े में राशि निकालने का गौरखधंधा मोटी आय का जरिया बना हुआ है। जंगल में मोर नाचा किसने देखा की तर्ज पर वन समितियों के सहारे वन विभाग के जिम्मेदारों का तेंदूपत्ता तुड़ाई संग्रहण एवं आग बुझाने के नाम पर मजदूरों को लगाने में वन विभाग द्वारा खर्च की जा रही भारी भरकम राशि जांच का विषय बनी हुई है।

## सेवाभारती संस्थापक की जयंती पर हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



सेवा भारती के संस्थापक विष्णु कुमार जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बरेली के साथ उदयपुरा, सिलवानी के संस्कार केन्द्रों की शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 1990 में विष्णु कुमार ने औपचारिक रूप से सेवा भारती का शुभारंभ किया। आज सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वालम्बन एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में 45 प्रतिनिधि संगठनों के माध्यम से पूरे देश में कार्य कर रही है।

स्व. विष्णु कुमार के जयंती कार्यक्रम के अवसर पर उनके किए कार्यो एवं मिली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। प्रेरणा लेकर सभी ने सेवा कार्यो को करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे स्व. प्रदीप खाण्डेकर मध्य सेवा प्रमुख के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। विदिशा विभाग प्रचारक सौरव सिंह, सेवा प्रमुख चन्द्रभान कुशवाह, सह कार्यवाह अमन जैन, सेवाभारती के दिनेश राजौरिया, हीरेन्द्र मालवीय, राजेश भार्गव, बीएस किरार, अवध नारायण सक्सेना, राजकुमार धाकड, रंजीत धुर्वे, दिलीप राठौर के साथ विभिन्न सेवा भारती संस्कार केन्द्रों से आई शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## लोकतंत्र को सशक्त और रायसेन को नंबर 1 बनाने हर मतदाता करे मतदान

# मतदान कल : मतदाताओं को जागरुक करने शहर में कलेक्टर की अगुवाई में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल जिले की विधानसभा सांची, सिलवानी और भोजपुर के मतदान केन्द्रों पर 7 मई 2024 को मतदान होगा। इन तीनों विधानसभाओं के सभी मतदाता लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा रायसेन को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए 7 मई को अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट जरूर डालें। यह अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने रायसेन में आयोजित महारैली के समापन अवसर पर मतदाताओं से की।





### कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने महारैली के समापन अवसर पर उपस्थित सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही अन्य सभी मतदाताओं को भी नैतिक मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई।*

मतदाताओं को आगामी 7 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए रविवार को कलेक्टर की अगुवाई में बैंड-बाज, ढोल-नगाड़ों के साथ पुलिस लाईन से स्वीप महारैली प्रारंभ हुई। जिसमें जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह, एसडीएम पीसी शाक्या सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। साथ ही जिले के स्वीप आइकान, शौर्य दल, खिलाड़ी, थर्ड जेण्डर, शिक्षक, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, स्काउड दल सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य तथा नागरिकों ने सहभागिता की। यह रैली पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सागर तिराहा पहुंची। यहां महारैली का समापन हुआ।

### मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान

कलेक्टर दुबे ने कहा कि प्रत्येक मतदाता 07 मई को अपने मतदान केन्द्र पर पहंचकर बिना किसी भय, लोभ, लालच या दबाव के निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक से समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभाओं सांची, सिलवानी तथा भोजपुर में सर्वाधिक मतदान कराकर रायसेन को नम्बर वन बनाना है। इसके लिए सभी शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिजनों और पड़ोसियों को भी लगातार प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में गर्मी के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान केन्द्रों में टेन्ट, शीतल पेयजल, बैठने के लिए कुर्सियां आदि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि मतदाताओं को अधिक देर तक अपनी बारी का इंतजार ना करना पड़े। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं की सुविधा हेतु व्हीलचेयर तथा सहायक भी उपलब्ध रहेंगे।

## डेलीगेशन 5 से 8 मई तक तीसरे चरण की चुनाव प्रक्रिया का करेगा अवलोकन

# फिलीपींस और श्रीलंका का डेलीगेशन मतदान प्रक्रिया देखने आएगा मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न देशों के डेलीगेशन को अलग-अलग राज्यों में भेजा जा रहा है। इसी अनुक्रम में मध्यप्रदेश में फिलीपीन्स और श्रीलंका का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आयेगा। यह डेलीगेशन 5 से 8 मई तक भोपाल में रहेगा और इस दौरान रायसेन सहित अन्य जिलों में मतदान की तैयारियों व मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि फिलीपीन्स के श्कमीशन ऑन इलेक्शन्सश की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग के नेतृत्व में 3 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आयेगा। इस डेलीगेशन में डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला भोपाल आएंगी।

उल्लेखनीय है कि 8 मई को दोपहर 12 बजे यह डेलीगेशन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय आएगा और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भेंट कर अपने अनुभव साझा करेगा। डेलीगेशन इसी दिन भोपाल से प्रस्थान करेगा।

### दलों की रवानगी व अन्य तैयारियों का अवलोकन करेगा

*इसी तरह श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप के नेतृत्व में 8 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आ रहा है। इस डेलीगेशन में कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नांडो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवासुरेंद्र भी भोपाल आएंगे। यह डेलीगेशन 5 मई को भोपाल पहुंचेगा। यह डेलीगेशन 6 मई को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक दलों की रवानगी सहित अन्य मतदान तैयारियों का अवलोकन करेगा। 7 मई को यह डेलीगेशन भोपाल, रायसेन, सीहोर एवं विदिशा जिले के मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का मौके पर जाकर अवलोकन करेगा। साथ ही मतदाताओं से चर्चा भी करेगा।*

## खबर संक्षेप

### सामाजिक संस्था ने दिलाया मतदान का संकल्प

**सिलवानी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां मतों का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन जोड़तोड़ से मशक्कत कर रहा है, ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। नगर की सामाजिक संस्थाए भी अधिकाधिक मतदान को लेकर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नगर की सामाजिक संस्था क्षेत्रीय विकास परिषद ने बैठक आयोजित कर सौ फीसदी मतदान का सकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष सिंघई चंद्रकुमार जैन, उपाध्यक्ष फादर जॉन, राघवेंद्र जैन मुन्ने खां, ऐसी दीक्षित, संजय मस्ताना, रामगोपाल श्रीवास्तव, आरएस श्रीवास्तव, पीएस जैन, आशीष सिंघई, ओके जैन, श्याम साहू, भूपेंद्र श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे, सभी ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान करने का संकल्प लिया।

### वोटिंग हेतु दैनिक मजदूर को मिलेगा अवकाश

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अंतर्गत तृतीय चरण में लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची और सिलवानी में 7 मई को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में 7 मई को मतदान हेतु रायसेन जिले की सीमा में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

### मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन सम्पन्न

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा में 7 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी कर्तव्यों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार तथा कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में सम्पन्न हुआ। रेण्डमाइजेशन में विदिशा लोकसभा में शामिल विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हम सबकी है जिम्मेदारी, डालें वोट सभी नर नारी, गांव में चलाया संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डाली, बम्हौरी कस्बा, समनापुर, शालाबर्रु, कटक, वर्धा ग्रामों में आचार्य परिवार संयोजक मंडल एवं जिला समिति के पदाधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागृत किया जा रहा है। राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मतदान महादान है। सौ फीसदी मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। बनो देश के भाग्य विधाता जागो अब प्यारे मतदाता। ग्राम समनापुर (बम्होरी कस्बा) में नवीन सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय प्रारंभ करने हेतु गांव के प्रमुख व्यक्तियों से संपर्क किया गया। ग्रामीणजनों से जल संरक्षण, कौशल विकास, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गर्मी में पक्षियों को दाना पानी की व्यवस्था करना, पानी का सदुपयोग करना है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है, प्लास्टिक को हटाना है। प्रकृति का मत करो शोषण, सब मिलकर बचाएं पर्यावरण। इस अवसर पर कुंडाली के प्रधानाचार्य शिवराज सिंह रघुवंशी, संयोजक हरिशंकर राय, योगेश श्रीवास्तव, काशीराम धाकड़, गांव सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# बंदरों के दिनभर घरों पर धमाचौकड़ी करने से परेशान हो रहे हैं ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज के रहवासी बंदरों के आतंक से परेशान हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। गांव में लगभग एक महीने पहले दो दर्जन से अधिक काले मुंह वाले बंदरों का झुंड गांव में पहुंच गया है। काले मुंह के बंदरों ने पूरे गांव में आतंक मचा रखा है। बंदर घरों में घुसकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे डरे बच्चे घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

वही बंदर छतों पर लगे नल, टोटी, डिश, बिजली के तार, बर्तन, चूल्हे, कपड़े अनाज को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिनके कच्चे घर है उनके घर पर चढ़कर का कबेलू फोड़ देते हैं। ग्रामीण इकट्ठा होकर बंदरों को खदेड़ने का प्रयास करते हैं तो बंदर उन पर टूट पड़ते हैं और डर से लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं।

एक महीने से यह बंदर गांव में जमे हुए हैं गांव के अगल-बगल किसी गांव में बंदरों का आतंक नहीं है लेकिन दीवानगंज गांव में बंदरों का आतंक बना हुआ है। वही छत पर बैठी महिलाओं और बच्चों को बंदर काफी परेशान कर रहे है। बंदरों के डर के कारण महिलाएं, बच्चे घर की छत पर अपने कार्यों के लिए नहीं जा पा रहे हैं।



# चले बूथ की ओर अभियान के तहत नगर में निकाली गई विशाल रैली

## 7 मई को सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओ को प्रेरित करने मा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार दुबे के निर्देश पर सम्पूर्ण रायसेन जिले में चले बूथ की ओर अभियान चलाया जा रहा है।




यह अभियान 1 मई से 7 मई तक निरन्तर जारी है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत 5 मई को नगर के समस्त विभाग प्रमुखों की सहभागिता से सैकड़ों अधिकारी कर्मचारियो द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमे बैंड बाजे, गाड़ियां में लगे फ्लेक्स आकर्षण का केंद्र रहे। रैली के माध्यम से मतदाताओ को 7 मई विदिशा लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया रैली को नायब तहसीलदार शिब्बू सिंह किशोरिया, नगर परिषद सीएमओ निरुपमा एस यादव एवं समस्त विभाग प्रमुखों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

# प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर विराजमान हुए हनुमान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पचामा में सैकड़ों वर्ष पुरानी हनुमान जी की प्रतिमा को नवनिर्मित मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से विराजमान किया गया। इस मौके पर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक रीति से हवन पूजन कर स्थापित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मार्गदर्शन का संचालक मंदिर जीर्णोद्धारक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे के अनुसार हनुमान जी की प्रतिमा जो सैकड़ों वर्ष प्राचीन है एक मढिया में स्थापित थी, मढिया काफी क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों और युवाओं की टीम द्वारा मढिया का जीर्णोद्धार कर नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया। इस मौके पर सात दिवसीय दिव्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पंडित श्री कटारे का भव्य स्वागत कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## चुनावी ड्यूटी चुनाव की घोषणा से परिणाम आने तक होगी

# ड्यूटी में मतदान, सुरक्षा कर्मी की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

**लोकसभा निर्वाचन 2024**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान / सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान है। इसमें चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, पुलिस, होम गार्ड सुरक्षाकर्मी, निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच , ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास/कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा। बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान/मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।



### 30 लाख की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी

*निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।*

### कैशलेस इलाज की सुविधा

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।

# चुनाव प्रचार थमा, अब कर सकेंगे जन संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में 7 मई को मतदान सम्पन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत निषेधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 5 मई को शाम 6 बजे के पश्चात किसी भी प्रकार से किया जाने वाला चुनाव प्रचार, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नुक्कड़ सभाएं तथा आमसभाएं पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गईं हैं। इस अवधि में अभ्यर्थियों द्वारा किया जाने वाला डोर टू डोर कैम्पेनिंग प्रतिबंध की परिधि में नहीं होगा। अर्थात डोर टू डोर केम्पेनिंग पूर्ण शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी की सम्पूर्ण सीमा में प्रभावी होगा। यह आदेश 48 घंटे पहले से अर्थात 5 मई 6 बजे से मतदान समाप्ति के आगामी 24 घंटे अर्थात 8 मई को सायं 6 बजे तक कुल 72 घंटे तक लागू रहेगा।